संख्या: 9-ई0एम0/2001-का-4/2001

प्रेषक,

अजय प्रकाश वर्मा,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष,
   उत्तर प्रदेश ।

कार्मिक अनुभाग-4

लखनऊ: दिनॉक: 13 अगस्त, 2001

विषय:- सेवा संवर्गों की कठिनाईयों के निस्तारण के संबंध में।

महोदय,

बजाज वेतन समिति की संस्तुतियों के आधार पर शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि विभिन्न सेवा संवर्गों हेतु अनुमन्य कराये जाने वाले समयमान वेतनमान के स्थान पर कैडर-रिव्यू कर, उपयुक्त एवं आवश्यक प्रोन्नति की अनुमन्यता सुनिश्चित की जाये। इस संबंध में समयमान वेतनमान की सुविधा दिनॉक 30 सितम्बर, 2001 तक इस निर्देश के साथ बढाई गई थी कि इस अवधि में समस्त विभाग कैडर-रिव्यू सुनिश्चित कर लें।

2. उपर्युक्त के संबंध में मेरे पूर्वाधिकारी के शासनादेश दिनॉक 18 दिसम्बर, 2000, दिनॉक 12 फरवरी, 2001 एवं दिनॉक 12 मार्च, 2001 में निर्देश निर्गत किये गये थे। खेद के साथ अंकित करना है कि अभी तक अधिकॉश विभागों में कैडर-रिव्यू नहीं किया गया है।

3. उपर्युक्त के संबंध में आपसे यह कहने का मुझे निदेश हुआ है कि आप अपने विभाग में तत्काल कैडर-रिव्यू प्रारम्भ करायें और प्रगति से प्रत्येक सोमवार को मेरे स्टाफ आफीसर को अवगत करायें।

4. मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि तत्काल प्रभाव से अपने विभाग में अधिकारियों/कर्मचारियों की वरिष्ठता सूचियों को अन्तिम रूप प्रदान कर दें तथा वर्तमान चयन वर्ष में प्रोन्नति से भरे जाने वाले पदों हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें प्रत्येक दशा में दिनॉक 30.8.2001 तक आयोजित करके मेरे स्टाफ आफीसर को अवगत कराये।

5. इन बिन्दुओं पर मा0 मुख्यमंत्री जी के द्वारा विभागवार प्रगति की समीक्षा दिनॉक 31.8.2001 को की जायेगी।

भवदीय,

(अजय प्रकाश वर्मा)
मुख्य सचिव